<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

‘स्थापना दिवस पर रन फॉर यूनिवर्सिटी का आयोजन

विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना दिवस पर रन फॉर यूनिवर्सिटी का आयोजन स्टीवेंशन स्टेडियम में किया गया। इस दौड़ का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने उपस्थित विश्वविद्यालय के कार्मिकों व विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौड़ में भारी संख्या में विवि के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी, डा. जीएस बोहरा, डा. एचएस पपोला व डा. भाष्कर तिवारी, विजय कुंवर, रामपाल व शारीरिक शिक्षा विभाग के कर्मियों का योगदान रहा।

रन फॉर यूनिवर्सिटी कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।